प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 रविवार दिनांक 30.11.2025

मुख्य समाचारः—

- डीजीपी सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस नेतृत्व से आह्वान किया कि वे पुलिसिंग के तौर—तरीकों को विकसित हो रहे राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप ढालें, ताकि देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर हो सकें।

- प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया।

- भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों में चल रहे एसआईआर की समय—सीमा ग्यारह दिसंबर तक बढ़ाई।

- दंतेवाड़ा जिले में आज सत्ताईस इनामी सहित सैंतीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

डीजीपी—सम्मेलन—01

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के साठवें अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवाओं के बीच पुलिस की छवि को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया है। तीन दिवसीय यह सम्मेलन आज संपन्न हो गया। इस वर्ष इस सम्मेलन का विषय था— विकसित भारत — सुरक्षा आयाम।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पुलिस नेतृत्व से आह्वान किया कि वे पुलिसिंग के तौर–तरीकों को विकसित हो रहे राष्ट्र की आकांक्षाओं के अनुरूप ढालें, ताकि देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर हो सकें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पुलिस बल में पेशेवर दक्षता, संवेदनशीलता तथा तत्परता को और बढ़ावा देने की जरूरत है। श्री मोदी ने एनएटी ग्रिड के अंतर्गत एकीकृत डाटा बेस का प्रभावी उपयोग करने और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से इन प्रणालियों को जोड़कर कार्रवाई योग्य खुफिया सूचना तैयार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी के लिए तंत्र विकसित करने, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस उपाय अपनाने तथा तटीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए नवीन मॉडल लागू करने की आवश्यकता दोहराई।

इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विविध विषयों पर गहन विचार–विमर्श किया गया। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए। उन्होंने शहरी पुलिसिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन शहरों को पुरस्कार भी प्रदान किए। इस श्रेणी के पुरस्कार पहली बार शुरू किए गए हैं, ताकि शहरी पुलिसिंग में नवाचार और सुधार को बढ़ावा मिले।

<u>डीजीपी–सम्मेलन–02</u>

सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव सहित सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के डीजीपी और आईजीपी, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख शामिल हुए। इसके साथ ही देशभर से विभिन्न रैंकों के सात सौ से अधिक अधिकारी वर्चुअल माध्यम से इस सम्मेलन से जुड़े।

मन की बात

आकाशवाणी से आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी का प्रसारण हुआ। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि लीप इंजन एमआरओ सुविधा, आईएनएस माहे और स्काईरूट के इनफिनिटी परिसर भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति को दर्शाते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन पिछले दस साल में दस करोड़ टन बढ़ा है।

कृषि क्षेत्र में भी देश ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। भारत ने तीन सौ संतावन मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। तीन सौ एंड संतावन मिलियन टन, दस साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन सौ मिलियन टन और बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवंबर का महीना देश के लिए कई प्रेरणाएं लेकर आया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की मेज़बानी मिलना भारत के लिए गौरव की बात है।

श्री मोदी ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाने का आग्रह किया।

आने वाले कुछ दिन में क्रिसमस और नए वर्ष पर खरीदारी का नया दौर शुरू होने वाला है। मैं आपको फिर याद दिलाउंगा, वोकल फोर लोकल का मंत्र याद रखें, खरीदे वही जो देश में बना हो, बेचें वही जिसमें किसी देशवासी की मेहनत लगी हो।

मन की बात–छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को आज छत्तीसगढ़ में भी सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 'मन की बात' को सुना और इसे

प्रेरणादायी बताया। श्री साय ने कहा कि मन की बात सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, यह देश की सामूहिक चेतना का उत्सव बन गया है।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों और व्यापारी बंधुओं से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया है।

एआईआर–कार्यक्रम संशोधन

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ सहित बारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के कार्यक्रम में संशोधन किया है। आयोग ने एसआईआर की समय–सीमा ग्यारह दिसंबर तक बढ़ा दी है। पहले यह समय–सीमा चार दिसंबर थी। मतदाता सूची का मसौदा अब सोलह दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। दावा और आपत्ति सोलह दिसंबर से पंद्रह जनवरी तक की जा सकती है। अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष चौदह फरवरी को प्रकाशित होगी।

एसआईआर–गणना प्रपत्र

प्रदेश में इन दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर का कार्य जारी है। बूथ लेवल अधिकारी–बीएलओ घर–घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलीकरण का कार्य कर रहे हैं। अब तक प्रदेश में लगभग एक करोड़ बयासी लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल पंजीकृत मतदाताओं का लगभग छियासी प्रतिशत है। प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ बारह लाख तीस हजार से अधिक है।

ईसीआईनेट

भारत निर्वाचन आयोग ने लोगों से ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने और ऐप पर ही टैब का उपयोग करके उसे और बेहतर बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं।

ये सुझाव सत्ताईस नवंबर से सत्ताईस दिसंबर तक दिए जा सकते हैं। गौरतलब है कि ईसीआईनेट ऐप का प्रयोग बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य उपचुनावों के दौरान किया गया था। इस नए प्लेटफ़ॉर्म के जरिये मतदाताओं से संबंधित सेवाओं को बेहतर बनाया गया है। साथ ही मतदान के प्रतिशत के रुझान तेज़ी से उपलब्ध होने लगे हैं। इसके अलावा मतदान की गणना से संबंधित जानकारियां भी तत्काल मिलने लगी है।

ईसीआईनेट ऐप चुनाव आयोग का एक ऐसा मोबाइल एप्लीकेशन है, जिसमें पहले से संचालित चालीस अलग–अलग एप्लीकेशन और वेबसाइट की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है। इस गूगल प्ले स्टोर और ऐपल स्टोर–दोनों से डाउनलोड किया जा सकता है।

<u>संसद–शीतकालीन सत्र</u>

संसद का शीतकालीन सत्र कल एक दिसंबर से शुरू होगा। यह सत्र उन्नीस दिसंबर तक चलेगा।

सत्र शुरू होने से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। राज्यसभा में सदन के नेता जे.पी. नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई सहित कई अन्य नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने कहा सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की।

<u>माओवादी आत्मसमर्पण</u>

दंतेवाड़ा जिले में आज सैंतीस माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से सत्ताईस माओवादियों पर कुल पैंसठ लाख रुपये का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय ने बताया कि ये सभी माओवादी दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले के अलग–अलग इलाकों में सक्रिय

थे। इन माओवादियों पर पुलिस पार्टी पर हमला करने, रोड काटने, बैनर–पोस्टर लगाने जैसी कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रुपये की सहायता राशि सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

कोंडागांव न्यायालय भवन–निरीक्षण

कोंडागांव जिले के कलेक्टोरेट परिसर में बन रहे नये न्यायालय भवन को लेकर विवाद जारी है। इस बीच, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सचिन सिंह राजपूत ने कल कोंडगांव प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में बनाए जा रहे न्यायालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय भवन के निर्माण स्थल को बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल स्कूली बच्चों का खेल मैदान सुरक्षित रहेगा, बल्कि कोंडागांव को एक सुव्यवस्थित और पूर्ण सुविधाओं वाला न्यायालय परिसर भी मिलेगा।

आईआईटी/नपानि–एमओयू

संपत्ति कर प्रणाली को कुशल और पारदर्शी बनाने के लिए आईआईटी भिलाई और नगर पालिक निगम भिलाई के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत आईआईटी भिलाई द्वारा नगर पालिक निगम भिलाई के मकानों, जमीनों, और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का ड्रोन से सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस तकनीक का उपयोग कर शहर की सभी संपत्तियों का सटीक मानचित्रण किया जाएगा, जिससे उनके वास्तविक क्षेत्रफल और उपयोग का पता लगाया जा सके। इससे निगम क्षेत्र की सभी नई और बिना रिकॉर्ड वाली संपत्तियों की पहचान की जा सकेगी।

बस्तर ओलंपिक–संभाग स्तरीय प्रतियोगिता

बस्तर ओलंपिक के तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता ग्यारह से तेरह दिसंबर तक जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में साढ़े तीन हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें पांच सौ नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने आज रायपुर में संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल और रस्साखींच जैसे खेलों का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><>